पत्रिका
www.patrika.com

Source:- www. patrika.com
Date:- 15.02.2019

DRI की टीम ने पकड़ा 1. 67 करोड़ का सोना, दो गिरफ्तार

Sunil Yadav | Publish: Feb, 15 2019 06:10:02 PM (IST) | Updated: Feb, 15 2019 06:10:03 PM (IST)
Varanasi, Varanasi, Uttar Pradesh, India

92 हजार रुपये नगद बरामद

वाराणसी. डीआरआई आ सूचना निदेशालय की वाराणसी टीम को सोना तस्करी करने वालो के खिलाफ बड़ी कामयाबी मिली है। पंडित दीनदयाल स्टेशन पर डीआरआई के अधिकारी आनन्द राय के निर्देशन मे की गई छापेमारी मे दो तस्करो बाँदा निवासी महेंद्र व संजय को धर दबोचा गया। टीम ने इनके पास से 5 किलो सोना व 92 हजार रुपये नगद बरामद किए। कार्रवाई करने वाली टीम मे शामिल इंटेलिजेंस ऑफिसर लेखराज मौर्या ने बताया कि उक्त सोना बांग्लादेश व कोलकता के रास्ते से यहा लाया जा रहा था। गुप्त सूचना के आधर पर यह कार्रवाई की गई है। तस्करो से पूछताछ कर उनके नेटवर्क को खंगाल रहा है।